म.प्र. जन अभियान परिषद्

(योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, म.प्र. शासन)
राजीव गांधी भवन खण्ड 2, 35 श्यामला हिल्स, भोपाल, 0755-2660203

क्र.2598/JAP/TM/CMCLDP/23 भोपाल, दिनांक 17/07/23

प्रति,

संभाग समन्वयक (समस्त)

जिला समन्वयक (समस्त)

विकासखंड समन्वयक (समस्त)

म.प्र. जन अभियान परिषद्

विषय:- मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के संबंध में।

शैक्षणिक सत्र 2022-23 हेतु मेंटर्स के मानदेय, सत्र 2023-24 में छात्र प्रवेश शुल्क, प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर संस्थाओं को प्रदत्त अनुदान राशि तथा वितरित पुस्तकों के सम्बन्ध में निम्नानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें-

1. शैक्षणिक सत्र 2022-23 में कक्षाओं का संचालन दिनांक 24 जुलाई, 2023 से किया गया था। किन्तु नवांकुर संस्थाओं का चयन अगस्त-सितम्बर, 2023 में हुआ। जिस कारण नवांकुर संस्थाओं के माध्यम से मेंटर्स की व्यवस्था में विलम्ब हुआ। माह जून, 2023 में 40 कक्षाओं के आयोजन का लक्ष्य पूर्ण होने के उपरांत मेंटर्स द्वारा परीक्षाओं के आयोजन तथा शैक्षणिक सत्र 2023-24 में नवीन छात्रों के प्रवेश हेतु निरंतर सहयोग प्रदान किया जा रहा है। अतः मेंटर्स को उनके सहयोग के फल स्वरूप शैक्षणिक सत्र 2022-23 की समस्त 40 कक्षाओं का भुगतान नवांकुर के माध्यम से कराया जावे।
2. शैक्षणिक सत्र 2023-24 में प्रवेश लेनेवाले छात्र प्रवेश शुल्क की राशि 50-50% अंश की 02 किश्तों मे जमा कर सकेंगे।
3. प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर संस्थाओं द्वारा उन्हे प्राप्त अनुदान राशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र जिला कार्यालयों में संकलित किया जावे।

म.प्र. जन अभियान परिषद्

(योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, म.प्र. शासन)
राजीव गांधी भवन खण्ड 2, 35 श्यामला हिल्स, भोपाल, 0755-2660203

4. प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर संस्थाओं द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान किये गये कार्यों के आधार पर अपना वार्षिक प्रतिवेदन मय फोटोग्राफ दिनांक 5 अगस्त 2023 तक अनिवार्य रूप से एम.आई.एस. पर अपलोड किया जावे।
5. समस्त प्रस्फुटन समितियों द्वारा एम.आई.एस. पर अपनी प्रोफाईल अपडेट की जावे। जिससे उन्हे परिचय पत्र उपलब्ध कराये जा सके।
6. जिन विकासखण्डों मे शैक्षणिक सत्र 2022-23 की पुस्तके निर्धारित संख्या से अधिक पहुची है, ऐसे विकासखण्डों में संभाग, जिला समन्वयक द्वारा पुस्तके एकत्र कर अन्य विकासखण्डों में पहुचाई जावे। वितरण उपरांत समस्त विकासखंडों में पुस्तकें पास होने की पुष्टि पत्र के माध्यम से राज्यकर्यालय को उपलब्ध करावें।

(कार्यपालक निदेशक महोदय द्वारा अनुमोदित)

17.7.23

निदेशक सेल

म.प्र. जन अभियान परिषद्

पृ. क्र2599/JAP/TM/CMCLDP/23 भोपाल, दिनांक 17/07/23

प्रतिलिपिः-

1. निज सहायक, महानिदेशक महो., म.प्र. जन अभियान परिषद की ओर सूचनार्थ।
2. निज सहायक, कार्यपालक निदेशक महो., म.प्र. जन अभियान परिषद की ओर सूचनार्थ।
3. Sr. Manager- IT, CRISP, Bhopal की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. एम.आई.एस. शाखा।
5. गार्ड नस्ती।

17.7.23

निदेशक सेल

म.प्र. जन अभियान परिषद्